बदहाली | अब बन गया चोरों और कबाड़ियों का अड्डा

# 84 लाख का स्टेडियम मेंटेनेंस के अभाव में बना खंडहर



**शहपुरा नवभारत 18 अप्रैल।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर तैयार किया गया आउटडोर स्टेडियम आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। करीब 84 लाख रुपए की लागत से बना यह स्टेडियम अब खिलाड़ियों के लिए नहीं, बल्कि चोरों और कबाड़ियों के लिए कमाई का जरिया बन चुका है।

8 से 10 साल पहले बड़े दावे और उम्मीदों के साथ बनाए गए इस स्टेडियम का हाल आज बेहद चिंताजनक है। भवन की दीवारें टूट चुकी हैं, दरवाजे और खिड़कियां गायब हैं, जबकि कई जगहों पर अवैध तरीके से तोड़फोड़ के निशान साफ नजर आते हैं।

### घटिया निर्माण और लापरवाही ने बिगाड़ी तस्वीर

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू से ही घटिया स्तर का किया गया था। यही वजह है कि कुछ ही वर्षों में स्टेडियम जर्जर हो गया। मैदान का समतलीकरण भी नहीं किया गया, जिससे खिलाड़ी यहां अभ्यास तक नहीं कर पा रहे हैं।

### स्टेडियम की दुर्दशा पर युवाओं में भारी नाराजगी

क्षेत्र के युवाओं का कहना है कि खेल सुविधाओं के नाम पर केवल कागजी योजनाएं बनाई गईं, जबकि जमीनी हकीकत पूरी तरह अलग है। स्टेडियम की बदहाल स्थिति के कारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी अवसरों से वंचित हो रहे हैं।

### जिम्मेदार बने मूकदर्शक

स्टेडियम परिसर में लगे लोहे के गेट, खिड़कियां और अन्य सामग्री चोरी हो चुकी हैं। कबाड़ियों द्वारा शेष संरचना को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

### प्रशासनिक लापरवाही उजागर

इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद स्टेडियम की यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है। सवाल उठ रहे हैं कि आखिर 84 लाख रुपए का हिसाब कौन देगा? स्थानीय नागरिकों और खिलाड़ियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और स्टेडियम को पुन: विकसित कर खिलाड़ियों के उपयोग के लायक बनाया जाए।

# अवैध मुरुम का उत्खनन करते जेसीबी जब्त



खनिज विभाग की टीम ने की कार्रवाई

**डिंडौरी,नवभारत 18 अपैल।** जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम द्वारा 17 अप्रैल को ग्राम चटुआ, तहसील एवं थाना डिंडौरी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक जेसीबी क्रमांक एमपी 51 डी 0291 को खनिज मुरम का अवैध उत्खनन करते हुए पकड़ा गया। मौके पर वाहन चालक राजू परस्ते को पाया गया।

### खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज

उक्त जेसीबी मशीन को जब्त कर थाना कोतवाली डिंडौरी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। संबंधित वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण को न्यायालय कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## खनिजों का अवैध परिवहन करते 2 वाहन जब्त

**नवभारत उमरिया 18 अप्रैल।** जिले में कलेक्टर राखी सहाय के निर्देशन में प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनिज अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एनएस आर्मो की टीम द्वारा खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की गई। वाहन स्वामी विपुल पटेल के ट्रैक्टर को मय ट्राली पुलिस चौकी अमरपुर में शासकीय सुरक्षा में रखवाया गया है। इसी प्रकार खनिज मुरूम, मिट्टी के अवैध परिवहन करते रामप्रताप काछी की ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया, जिसे पुलिस थाना कोतवाली उमरिया में शासकीय सुरक्षा में रखवाया गया है। उक्त वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।



# पीएम के बाद बाघ शावक का किया अंतिम संस्कार

**चिल्हारी नवभारत 18 अप्रैल।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा कोर क्षेत्र की बघडो बीट में एक बाघ शावक की मौत हो गई है। गश्ती दल से घटना की सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार मौके पर जांच शुरू कर दी।

वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में डॉग स्क्वॉड को बुलाकर क्षेत्र की सघन तलाशी ली गई तथा मेटल डिटेक्टर से भी जांच की गई। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी एवं मानपुर के खंड पशु चिकित्सा अधिकारी की टीम द्वारा शव परीक्षण किया गया। शव परीक्षण के उपरांत बीटीआर के प्रभारी क्षेत्र संचालक, उपसंचालक, राजस्व अधिकारी, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के प्रतिनिधि तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शावक का अंतिम संस्कार किया गया।

# शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और अनुशासन का दिखा प्रभाव



10वीं-12वीं में शत-प्रतिशत सफलता से बढ़ाया गौरव

**शहपुरा नवभारत 18 अप्रैल।** शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल शहपुरा ने सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया है। विद्यालय ने कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों में 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज कर न केवल अपनी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। इस वर्ष घोषित परिणामों में विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने 50 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक अंक अर्जित किए, जो शिक्षा के स्तर और विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत को दर्शाता है।

**दसवीं के सभी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण-** वहीं विद्यालय में कक्षा 10वीं में कुल 63 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए और सभी विद्यार्थी सफल घोषित हुए। इस परिणाम से स्पष्ट है कि कक्षा 10वीं में अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया है।

**कक्षा 12वीं में शत-प्रतिशत रहा परिणाम-** कक्षा 12वीं में कुल 78 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। कक्षा 12वीं का परिणाम भी संतुलित और उत्कृष्ट रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय के इस शानदार परिणाम के पीछे शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों का अनुशासन, नियमित अध्ययन और अभिभावकों का सहयोग प्रमुख कारण रहा।

**प्राचार्य ने दी बधाई-** विद्यालय के प्राचार्य वेदप्रकाश साहू ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**करंजिया, नवभारत 18 अप्रैल।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, करंजिया द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस वर्ष कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं कृषि सभी संकायों में विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। विशेष रूप से कृषि संकाय ने सर्वाधिक व्यक्तिगत प्रतिशत के साथ बढ़त बनाई है। कृषि संकाय इस वर्ष सबसे आगे रहा। सुनील नामदेव के पुत्र समर्थ नामदेव ने 86 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर सुरेश लाल यादव (84 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान पर खिलेश्वरी वालरे (80 .4 प्रतिशत ) रहीं।

**विज्ञान संकाय का प्रदर्शन-** विज्ञान (गणित/जीव विज्ञान) संकाय में क्रांति यादव ने 73 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके बाद विद्या धुर्वे (72 .8 प्रतिशत ) द्वितीय और लक्ष्मी कुशराम (71 .6 प्रतिशत ) तृतीय स्थान पर रहीं। कला संकाय में प्रवीण मसराम ने 73 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं अजय कुमार (72 .2 प्रतिशत ) द्वितीय और मालती धुर्वे (70 .8 प्रतिशत ) तृतीय स्थान पर रहीं।

**वाणिज्य संकाय के परिणाम-** वाणिज्य संकाय में वंदना यादव ने 70 .2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सत्यम गौतम (67 .2 प्रतिशत ) द्वितीय तथा रेशमा तेकाम (65 .2 प्रतिशत ) तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# स्वगणना से आसान होगी जनगणना प्रक्रिया



नागरिकों से सहयोग की अपील

**डिंडौरी, नवभारत 18 अप्रैल।** भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार आगामी 1 मई से 31 मई तक जनगणना कार्य संचालित किया जाएगा। इस दौरान निर्धारित प्रगणक एन्यूमरेटर प्रत्येक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे।

वर्तमान में जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकानों का सूचीकरण किया जा रहा है, जिसमें घर की स्थिति, निर्माण प्रकार कच्चा या पक्का, फर्श की स्थिति, शौचालय की उपलब्धता सहित अन्य सामान्य जानकारी संकलित की जा रही है। इस प्रक्रिया को और सरल एवं सुगम बनाने के लिए 15 से 30 अप्रैल तक स्वगणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से स्वगणना फॉर्म भर सकते हैं।

### नागरिक स्वगणना फॉर्म अवश्य भरें

स्वगणना करने का लाभ यह होगा कि जब 1से 31 मई के बीच प्रगणक आपके घर आएंगे, तब आपकी दी गई जानकारी उनके मोबाइल में पहले से ही उपलब्ध रहेगी। इससे समय की बचत होगी और पूरी प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूर्ण हो जाएगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 15 दिनों की इस अवधि में स्वगणना फॉर्म अवश्य भरें और जनगणना कार्य को सफल बनाने में सहयोग दें।

# विधानसभा सीटों की संख्या दो से बढ़कर तीन होने की चर्चा


परिसीमन के बाद बदलेगा जिले का भूगोल, महिला आरक्षण और सीटों के पुनर्गठन पर चर्चा तेज

**नवभारत उमरिया 18 अप्रैल।** केन्द्र सरकार द्वारा संसद और राज्य विधानसभाओं मे महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल के साथ ही परिसीमन की संभावनाएं तेज हो गई हैं। इसका असर मध्यप्रदेश के साथ उमरिया जिले पर भी दिखाई देने लगा है।

जिले में विधानसभा सीटों की संख्या दो से बढ़कर तीन होने की चर्चा जोरों पर है। लोगों को उम्मीद है कि इस प्रक्रिया में समाप्त हुई उमरिया विधानसभा सीट एक बार फिर अस्तित्व में लौट सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, राज्यों में विधानसभा सीटों का निर्धारण वर्ष 1971 की जनगणना के आधार पर किया गया था, जिसमें एक विधायक पर औसतन 75 हजार से 1 लाख जनसंख्या का मानक रखा गया था।

### वर्तमान अनुपात पूरी तरह बदल चुका है

समय के साथ जनसंख्या में भारी वृद्धि हुई है, जिससे वर्तमान




अनुपात पूरी तरह बदल चुका है। जिले के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2011 में यहां की जनसंख्या 6 लाख 44 हजार 758 थी, जो अब बढ़कर 2025-26 में अनुमानित 8 लाख 19 हजार 956 तक पहुंच गई है। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या 4 लाख 67 हजार 411 है, जिसमे मानपुर में 2 लाख 45 हजार 7 सौ और बांधवगढ़ में 2 लाख 22 हजार 8 वोटर शामिल है।

### राजस्व मंडल बनेगी इकाई

पूर्व में परिसीमन में तहसील को इकाई मानने के कारण कई स्थानों पर अव्यवहारिक विधानसभा क्षेत्र बन गए। जिले की मानपुर सीट इसका उदाहरण है, जहां एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने के लिए पूरे बांधवगढ़ क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ता है, वहीं बांधवगढ का इलाका बांधवगढ मे न होकर मानपुर में शामिल किया गया। अब संभावना जताई जा रही है कि नई व्यवस्था में राजस्व मंडल को इकाई बनाकर अधिक संतुलित और व्यावहारिक सीमांकन किया जाएगा।

### इस तरह बन सकती हैं तीन सीटें

परिसीमन से पहले जिले में उमरिया (80) और नौरोजाबाद (81) दो विधानसभा सीटें थीं। पूर्व में हुए परिसीमन में मानपुर (आरक्षित) और बांधवगढ़ (आरक्षित) सीटों का गठन किया गया। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए तीसरी सीट का गठन लगभग तय माना जा रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत बांधवगढ़, चंदिया तहसीलों के अलावा उप तहसील बरबसपुर और मानपुर के इंदवार सर्किल को मिलाकर उमरिया विधानसभा बनाई जा सकती है।

### दिग्गजों की कर्मस्थली रही उमरिया

गौरतलब है कि पूर्व में अस्तित्व में रही उमरिया विधानसभा का ऐतिहासिक महत्व रहा है। इस क्षेत्र ने विंध्य के दिग्गज नेता कुंवर अर्जुन सिंह को राजनीतिक पहचान दी, जो आगे चलकर देश के शीर्ष नेताओं में शामिल हुए। इसके अलावा उमरिया क्षेत्र से रणविजय प्रताप सिंह (बाबू साहब) जैसे प्रभावशाली जनप्रतिनिधि भी निर्वाचित होकर क्षेत्रीय राजनीति को दिशा देते रहे।



# टीम की तत्परता से कुटलाही में टला बाल विवाह

डिंडोरी में सजगता की मिसाल, परिवार ने लिया संकल्प

**डिंडोरी, नवभारत 18 अप्रैल।** जिले में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध प्रशासन लगातार सक्रिय है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले भर में जागरूकता और रोकथाम के प्रयास निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में 17 अप्रैल को विकासखंड करंजिया के ग्राम कुटलाही में एक 19 वर्षीय युवक के विवाह की सूचना प्राप्त हुई।

सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति की पुष्टि की। करंजिया परियोजना की प्रभारी अधिकारी शशि सांड्या के नेतृत्व में संयुक्त दल ने युवक के परिवार और ग्रामीणों से संवाद किया। टीम ने कम उम्र में विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा शासन की योजनाओं से वंचित होने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से समझाइश दी।

**परिवार ने दिया लिखित आश्वासन-** समझाइश का सकारात्मक प्रभाव पड़ा और बालक के पिता सहित परिवारजनों ने लिखित आश्वासन दिया कि युवक का विवाह 21 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पूर्व नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी सहमति दी गई कि नियमों के उल्लंघन पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई स्वीकार होगी। इस तत्पर पहल से एक युवक का भविष्य सुरक्षित हुआ और समाज में एक सकारात्मक संदेश गया।



## पुराने बस स्टैंड में मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**नवभारत उमरिया।** जिले के पुराने बस स्टैंड के शारदा मन्दिर के पास स्थित भगवान विष्णु के अवतार परशुराम का प्रगटोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से एवं विशेष पूजा अर्चना के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जुलूस निकाला जाएगा। इसके बाद भन्डारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण के लिए सादर आमंत्रित हैं।

# छात्राओं को कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

सीएम राइज स्कूल शहपुरा में मनाया गया नारी शक्ति पखवाड़ा

**शहपुरा नवभारत 18 अप्रैल।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित 'नारी शक्ति पखवाड़ा' के अंतर्गत सीएम राइज स्कूल शहपुरा में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं शिक्षकों ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मसम्मान और अधिकारों से जुड़े विभिन्न कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, पॉक्सो एक्ट तथा महिला हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अन्याय की स्थिति में वे कानून की सहायता ले सकती हैं और प्रशासन उनके साथ खड़ा है।

**शिक्षा के महत्व पर दिया जोर-** कार्यक्रम में आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया गया। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव की भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।



अवैध संचालन | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किसलपुरी में पदस्थ कंपाउंडर भगवान दास कर रहा सक्का में अवैध क्लीनिक का संचालन

# जिम्मेदारों के संरक्षण में 6 वर्षों से संचालित हो रहा अवैध क्लीनिक




**अमरपुर नवभारत 18 अप्रैल।** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किसलपुरी में पदस्थ कंपाउंडर भगवान दास द्वारा लगभग 6 वर्षों से अवैध क्लिनिक सक्का कस्बा में संचालित किया जा रहा है।

विभागीय विशेष सूत्रों की माने तो कंपाउंडर भगवानदास के द्वारा सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को लगभग 12 से अवैध क्लिनिक को खोलकर वहां क्षेत्र के भोले भाले ग्रामीण मरीज, जो मौसमी बीमारियों सहित गंभीर बीमारियों से ग्रसित है ऐसे मरीजों कि जान से इलाज के नाम पर खिलवाड़ कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग के जानकार सूत्र बताते हैं कि भगवानदास ड्यूटी टाइम पर प्रत्येक बुधवार को बिना किसी वैध दस्तावेज वर्षों से अवैध दवाखाना चलाता है।

### कार्यवाही से जिम्मेदार विभाग ने कंपाउंडर को क्यों रखा दूर

स्वास्थ्य विभाग की जानकारों की माने तो विकासखंड अमरपुर क्षेत्र में संचालित होने वाले अवैध दवाखाना एवं झोलाछाप बंगालियों द्वारा की जाने वाली प्रैक्टिस की जानकारी स्वास्थ्य विभाग सहित जिला टीम को होने पर ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के ऊपर समय-समय पर विधिवत कार्यवाही सुनिश्चित की जा चुकी है, लेकिन लगभग 6 वर्षों से भगवान दास के ऊपर विभागीय अधिकारी मेहरबान बने हुए हैं कहना गलत नहीं होगा।

### हैवी एमजी की दवाओं से कर रहा इलाज

कंपाउंडर द्वारा संचालित दवाखाने में ग्रामीण मरीजों का इलाज हैवी एमजी की दवाओं से कर रहा है, जबकि भगवान दास को गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीज को अंग्रेजी दवा की खुराक कितनी मात्रा में दी जानी है इसकी जानकारी नहीं है। सवाल यह उठता है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कंपाउंडर अपने आप को शासकीय कर्मी बताता है। वह सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को अस्पताल से ड्यूटी छोड़ कैसे प्रैक्टिस करने लग जाता है। आखिर उसे किसका संरक्षण प्राप्त है।

### हाट बाजार में चलाता है अवैध क्लीनिक

स्वास्थ्य विभाग के विशेष सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किसलपुरी मैं पदस्थ कंपाउंडर भगवानदास द्वारा सक्का ग्राम में प्रत्येक बुधवार को लगने वाले हाट बाजार में अवैध क्लीनिक संचालित किया जा रहा है। जहां सक्का सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रवासी मौसमी बीमारियों सहित गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। उनका इलाज अवैध क्लिनिक में किया जाता है।

## राजनीतिक रसूख के चलते नहीं हो रही कार्यवाही

विभागीय सूत्रों की माने तो भगवानदास का परिवार एक बड़ी पार्टी से ताल्लुक रखता है, जिसके पदाधिकारीयों सहित कार्यकर्ताओं के बीच में मजबूत पैंठ जमा कर रखी हुई है। इसके कारण आज तक स्वास्थ्य विभाग सहित जांच दल, प्रशासनिक जिम्मेदार पदाधिकारी कार्यवाही करने की जहमत नहीं उठा सके हैं।

### इनका कहना है

आपके द्वारा मुझे जानकारी उपलब्ध कराई गई है। हमारे द्वारा कभी किसी भी व्यक्ति को कोई परमिशन नहीं दी गई है कि किसी प्रतिष्ठित डॉक्टर का नाम लेकर क्लीनिक संचालित करें। मामला गंभीर है मेरे द्वारा इस मामले को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। मैं भ्रमण कर जांच करुंगा और गलत पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

**एसएस मरकाम, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, अमरपुर**